"It should be part of Tamil Nadu's culture. So do it." That was done by us. So was this one. Metro was also done by us. ...(*Interruptions*)... On Highways, Sir, 4,100 km of National Highways was constructed in Tamil Nadu since 2014. Five greenfield corridors being built under Bharat Mala project in Tamil Nadu. Salem Airport operationalised under UDAN. New integrated terminal building, phase one of Chennai International Airport, developed at a cost of Rs.1,260 crore. On social infrastructure, over 12 lakh houses built under PM Awas. Nearly 59 lakh households ...(*Interruptions*)... Toilets constructed under Swachh Bharat mission. Nearly 89 lakh tap water connections provided under Jal Jeevan mission. Seventy-eight lakh Ayushman cards provided. Sir, 1,350 Jan Aushadhi Kendras were operationalised. 1.6 crore Jan Dhan accounts opened and 5.7 crore Mudra accounts sanctioned. Tiruchi Airport. Hon. Minister Dr. Murugan is also saying about it.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Finance Minister, please continue. ...(*Interruptions*)... Hon. Finance Minister, is your reply complete? ...(*Interruptions*)...

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: Yes, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please take your seat now. ...(*Interruptions*)... Hon. Members, there are 23 permitted Special Mentions for today. Special Mentions of those hon. Members who are present now shall be deemed to have been laid on the Table of the house.

SPECIAL MENTIONS♦

Demand for Railway Over Bridge at the Railway Crossing No.143 on Amirgarh-Dabela-Ambaji Road in Banaskantha District

श्री बाबूभाई जेसंगभाई देसाई (गुजरात): महोदय, मैं बनासकांठा जिले के अमीरगढ़-दबेला-अंबाजी मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 143 पर रेलवे ओवरब्रिज के बारे में सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। इस मार्ग पर प्रतिदिन एक लाख से भी ज्यादा वाहनों का आवागमन होता है, जो रेलवे नीति के अनुसार रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए आवश्यक न्यूनतम वाहनों की संख्या से अधिक है। अमीरगढ़ तालुका मुख्यालय है और यहाँ सभी सरकारी कार्यालय, बैंक, कॉलेज आदि स्थित हैं। रेलवे विभाग द्वारा निर्मित अंडरब्रिज 90 डिग्री कोण पर

♦ Laid on the Table.

बनाया गया है, जिससे बड़े वाहन और बसें उसमें से नहीं गुजर सकतीं। इस कारण, गुजरात सड़क परिवहन निगम, पालनपुर ने सूचित किया है कि बसें केवल रेलवे अंडरब्रिज तक ही चलेंगी। इससे छात्रों और आम नागरिकों को अत्यधिक कठिनाई हो रही है। इस सन्दर्भ में मैंने जनवरी, 2024 में माननीय रेल मंत्री से मुलाकात करके पत्र दिया था।

महोदय, मै आपके माध्यम से रेल मंत्री को बताना चाहता हूँ कि रेलवे नीति के तहत, ऐसे निर्माण के लिए 50 परसेंट व्यय रेलवे मंत्रालय और 50 परसेंट व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। रेलवे ओवर ब्रिज (ROB) के निर्माण के लिए गुजरात सरकार द्वारा पहले ही 55.48 करोड़ रुपए की 50 परसेंट राशि स्वीकृत की जा चुकी है।

अतः मैं आपके माध्यम से रेलवे मंत्रालय से अनुरोध करता हूँ कि अमीरगढ़-दबेला-अंबाजी मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 143 पर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण हेतु मंत्रालय आवश्यक वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करे।

Concern over challenges arising in the weather forecasting capabilities due to climate change

श्रीमती संगीता यादव (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भारतीय मौसम विभाग (IMD) को उसकी 150वीं वर्षगांठ पर बधाई देती हूँ। पिछले डेढ़ सौ वर्षों में IMD ने मौसम पूर्वानुमान, आपदा चेतावनी और जलवायु अध्ययन में सराहनीय योगदान दिया है। लेकिन, जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम में आ रही चरम अस्थिरता के चलते सटीक पूर्वानुमान लगाना एक बड़ी चुनौती बन गया है। बदलते जलवायु पैटर्न के कारण चक्रवात, अचानक बाढ़, हीटवेव और अनिश्चित वर्षा जैसी घटनाएँ बढ़ रही हैं, जिससे कृषि, अर्थव्यवस्था और जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में, IMD को अपनी मौजूदा तकनीकों का और अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग करना होगा, ताकि मौसम पूर्वानुमान की सटीकता बढ़ाई जा सके। हाल ही में, "मिशन मौसम" के तहत IMD ने स्वचालित मौसम निगरानी प्रणाली, डॉप्लर रेडार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बिग डेटा विश्लेषण को अपनाया है। यह महत्वपूर्ण है कि इन अत्याधुनिक तकनीकों का पूरी क्षमता से उपयोग हो और पूर्वानुमान प्रक्रिया को और तेज और प्रभावी बनाया जाए।

अतः मैं सरकार से आग्रह करती हूँ कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय इस दिशा में IMD की क्षमताओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए तकनीकी नवाचारों और संसाधनों के अधिकतम उपयोग पर बल दे, ताकि जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों का सामना किया जा सके और नागरिकों को सटीक मौसम पूर्वानुमान उपलब्ध कराया जा सके।

Demand to make Jabalpur a Logistics Special Economic Zone (SEZ)

श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक (मध्य प्रदेश): महोदय, जबलपुर, देश के केंद्र में स्थित एक महत्वपूर्ण नगर है, जहाँ से देश के विभिन्न भागों तक आसान और प्रभावी परिवहन संभव है। यह शहर नर्मदा नदी के किनारे स्थित होने के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्गों का प्रमुख केंद्र भी है। देश के सबसे